कार्यालय नगर निगम कोटा (राज0)

पता :— सी0ए0डी0 सर्किल, दशहरा ग्राउण्ड, कोटा
ई—मेल :— nnkota@gmail.com
revenuemck@gmail.com

क्रमांकः— ननिको / राजस्व / 2019 / 1104 — 1115 दिनांकः— 19/8/2019

:— आम सूचना :—

126 वां राष्ट्रीय मेला दशहरा 2019 में मेला अवधि 29.09.2019 से 24.10.2019 तक के लिए दुकान / भूमि का आवंटन किया जा रहा हैं। जिसमे दुकानों पर 2 प्रतिशत की वृद्धि एवं भूमि पर 5 प्रतिशत की वृद्धि पूर्व की 2018 की दर पर आवंटन करते हुए वसूल की जावेगी। उक्त आवंटन दिनांक 20.08.2019 से 11.09.2019 तक किया जावेगा। तत्पश्चात शेष रही दुकानों / भूमि का आवंटन मेला समिति / मेला अधिकारी के निर्णय बाद किया जावेगा। आवंटन फार्म नगर निगम हैल्पलाइन पर 200 / — निर्धारित शुल्क बाद उपलब्ध कराया जावेगा। जिसके पश्चात आवंटन की समस्त प्रक्रिया व जमा कराने हेतु निगम के ए ब्लॉक में प्रथम फ्लोर पर हैल्पलाइन के ऊपर वाले हॉल में प्रातः 10 बजे से 4 बजे तक जमा कराया जा सकता है। राजकीय अवकाशों को छोडकर आवंटन हेतु निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

1. वर्ष 2015 से 2018 तक आवंटन की 4 वर्षो की मूल रसीदों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
2. आधार कार्ड की प्रति / पेनकार्ड / परिचय पत्र।
3. दो नवीनतम पासपोर्ट फोटो वर्ष 2019 की तारीख अंकित होना अनिवार्य।
4. आवंटी को आवंटन के समय उपस्थित होना अनिवार्य होगा।
5. अन्य शर्ते आवेदन पत्र के अनुसार लागू होगी।
6. आवंटन शर्ते व प्रारूप की अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाईट www.kotamc.org.com एवं http://sppp.rajasthan.gov.in तथा http://eproc.rajasthan.gov.in से भी जानकारी ली जा सकती हैं।

19.8.19

उपायुक्त एवं मेलाधिकारी
नगर निगम, कोटा

क्रमांकः— ननिको / राजस्व / 2019 / 1104 —1115 दिनांकः— 19/8/2019

प्रतिलिपि :—

1. महापौर महोदय, नगर निगम, कोटा।
2. उपमहापौर महोदया, नगर निगम, कोटा।
3. मेला अध्यक्ष, नगर निगम, कोटा।
4. अध्यक्ष राजस्व कर वसूली समिति, नगर निगम, कोटा।
5. आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटा।
6. अधिशाषी अभियंता (द्वितीय) मेला दुकानात आवंटन कार्य हेतु जगह उपलब्ध करवाकर कर्मचारियों को बैठने की व्यवस्था करावे।
7. राजस्व अधिकारी / राजस्व निरीक्षक, नगर निगम कोटा।
8. संबंधित लिपिक / कर्मचारीगण श्री ....
9. पुस्तकालयाध्यक्ष को भेज कर लेख है कि इसे एक राष्ट्रीय स्तरीय एवं एक राज्य स्तरीय समाचार पत्र में प्रकाशित करावे तथा इनकी प्रति राजस्व शाखा को भिजवाये।
10. ओसवाल डाटा, इस सूचना को नगर निगम कोटा की वेबसाईट www.kotamc.org.com पर डाले।
11. स्मार्ट राज प्रोजेक्ट इस सूचना को http://sppp.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर डाले।
12. गार्ड पत्रावली।

19.8.19

उपायुक्त एवं मेलाधिकारी
नगर निगम, कोटा